HINDI



# रिश्तेदारी वाले देखभाल प्रदाता: बच्चों को जोड़े रखना

York Region Children's Aid Society

कार्यकर्ता का नाम:

---

फ़ोन: 905-895-2318 या
1-800-718-3850 एक्सटेंशन ______

एजेंसी वेबसाइट:
www.yorkcas.org

## बच्चों को जोड़े रखना

हम जानते हैं कि बच्चे परिवारों में बेहतर करते हैं। यदि कोई बच्चा या युवा अपने घर पर नहीं रह सकता, तब उस स्थिति में लक्ष्य यह है कि उन्हें ऐसे लोगों के साथ रखा जाए, जिनके साथ उनका स्थापित संबंध है, जैसे कि विस्तारित परिवार या मित्र। इसे एक रिश्तेदारी व्यवस्था के रूप में जाना जाता है, जहाँ कोई संबंधी या कोई ऐसा व्यक्ति जो भावनात्मक रूप से बच्चे के निकट होता है वह बच्चे की देखभाल करने और उसके लालन-पालन करने की प्राथमिक ज़िम्मेदारी लेता है। इस समय के दौरान, Children's Aid Society घर में सुरक्षित माहौल पुनः स्थापित करने के लिए बच्चे के परिवार के साथ कार्य करना जारी रखती है। हमारा लक्ष्य परिवारों के साथ यह सुनिश्चित करने के लिए कार्य करना है कि बच्चे अपने परिवारों के साथ सुरक्षित ढंग से रह सकें।

## सगे-संबंधियों को ढूँढ़ना

जब Children's Aid Society किसी परिवार के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ती है, तब हम बच्चों और उनके माता-पिता से विस्तारित परिवार, मित्रों, और अन्य मददगारों के बारे में पूछते हैं। हम बच्चों, माता-पिता, विस्तारित परिवार, और समुदाय को एक साथ लाने के लिए परिवार ढूँढ़ने की एक प्रक्रिया का उपयोग करते हैं।

## रिश्तेदारी वाले देखभाल प्रदाता

सगे-संबंधियों में विस्तारित परिवार, जैसे कि दादा-दादी/नाना-नानी, चाची/मामी/मौसी/बुआ, चाचा/मामा/मौसा/फूफा, चचेरे/ममेरे/मौसेरे/फूफेरे भाई-बहन, या मित्र शामिल हैं। वह व्यक्ति बच्चे के मेलजोल के दायरे या समुदाय का कोई ऐसा सदस्य भी हो सकता है, जिसके साथ बच्चे का संबंध स्थापित है। ऐसे अन्य लोग, जैसे कि पड़ोसी, शिक्षक, प्रशिक्षक, धार्मिक समुदाय के सदस्य, या डेकेयर प्रोवाइडर्स जो बच्चे को जानते हैं, बच्चे की देखभाल करने की योजना भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

## रिश्तेदारी वाला देखभाल प्रदाता बनना

आप बच्चे की देखभाल करने की योजना प्रस्तुत करने के लिए Children's Aid Society से संपर्क कर सकते हैं, या आपसे कोई कार्यकर्ता सहायता करने की आपकी क्षमता के बारे में पूछताछ करने के लिए आपसे संपर्क कर सकता है।

## रिश्तेदारी वाले देखभाल प्रदाता का आकलन करना

जब संभावित देखभाल प्रदाता मिल जाते हैं, तब बच्चे के भरण-पोषण और उसकी देखभाल करने की उनकी क्षमता को सुनिश्चित करने के लिए आकलन किया जाता है। रिश्तेदारी वाले देखभाल प्रदाताओं के लिए बच्चे की आवश्यकताएँ पूरी करने की क्षमता इस प्रकार प्रदर्शित करना आवश्यक है, मानो वे बच्चे के अन्तरिम माता-पिता हों। उनको पुलिस पृष्ठभूमि और बाल कल्याण संबंधी जाँचोंको भी अवश्य पूरा करना चाहिए।

## सगे-संबंधियों के साथ रहने वाले बच्चों और युवाओं के लिए लाभ

- उन लोगों के साथ रहने में सक्षम जिन्हें वे जानते हैं और जिन पर विश्वास करते हैं
- अपनी पहचान और अपने परिवार के साथ संबंध का गहरा एहसास रहता है
- अपने भाई-बहनों के साथ बने रहने की संभावना अधिक होती है
- अपने समुदाय में बने रहने की संभावना अधिक होती है और स्कूल बदलने की संभावना कम होती है
- उनके भाग जाने की संभावना कम होती है
- लचीलापन और आत्म-विश्वास भरे वयस्क के रूप में विकसित होने की योग्यता का विकास करने में अधिक सक्षम होते हैं

## रिश्तेदारी वाले देखभाल प्रदाता के उत्तरदायित्व

- सुरक्षित, संरक्षित, सहायक, और लालन-पालन करने वाला घर उपलब्ध कराना
- बच्चे के लिए योजना बनाने में भागीदारी करना
- बच्चे को अपने माता-पिता से संबंध कायम रखने में सहायता देना
- बच्चे की देखभाल के लिए वित्तीय और कानूनी दृष्टि से ज़िम्मेदार बनना

## रिश्तेदारी वाले देखभाल प्रदाता के लिए सहायता

रिश्तेदारी वाले देखभाल प्रदाताओं को Children’s Aid Society की ओर से उनके घर में रहने वाले बच्चे की सहायता में सहयोग देने के लिए एक सहायक कार्यकर्ता निर्दिष्ट किया जाता है। रिश्तेदारी वाले देखभाल प्रदाता ओन्टारियो वर्क्स, Canada Child Benefit, और आर्थिक सहायता प्राप्त डेकेयर अर्थात् दिन की देखभाल सेवा से अस्थाई देखभाल सहायता पाने के लिए भी योग्य हो सकते हैं।

## आपका रिश्तेदारी सेवा कार्यकर्ता

- आपकी देखभाल में जो बच्चा है, उसके लिए योजनाएँ तैयार करने और लक्ष्यों को निर्धारित करने में सहायता देता है
- सामुदायिक सेवाओं को निर्देश देता है और आपको सेवाओं के लिए आवेदनों को पूरा करने में सहायता देता है
- बच्चे के स्कूल के साथ कार्य करने में आपको सहायता देता है
- आपको और बच्चे को रहने की नई व्यवस्था के साथ तालमेल कायम करने में सहायता करता है

## कानूनी ज़िम्मेदारियाँ

यदि न्यायालय के आदेश से किसी बच्चे को आपके घर में रखा जाता है, तो आपको इस प्रक्रिया में सहायता के लिए वकील पाने का अधिकार है। आप विधिक सहायता कार्यालय (1-800-668-8258) से सहायता के लिए अनुरोध कर सकते हैं। यदि आप कोई वकील प्राप्त करने में असमर्थ हैं, तो आप न्यायालय में उपस्थित होने के दिन ड्यूटी काउंसल (न्यायालय द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराया जाने वाला वकील) से बात करने के लिए साइन अप कर सकते हैं। न्यायालय में उपस्थित होने के दिन ड्यूटी काउंसल से बात करने के लिए, साइन अप (नाम दर्ज करवाने) के वास्ते यथाशीघ्र पहुँचना सबसे अच्छा होता है क्योंकि वहाँ लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है।

## आपके अधिकार

**आपको अधिकार है:**

- सम्मान के साथ और सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील तरीके से व्यवहार किए जाने का
- किसी भी विज़िट और Children’s Aid Society के साथ किसी भी बातचीत के दौरान दुभाषिया प्राप्त करने का
- अपने परिवार के लिए सेवा योजनाओं के विकास में शामिल होने का
- अपने परिवार के संबंध में निर्णय लेने में शामिल होने का
- पेशेवर और समयबद्ध तरीके से सेवाओं की अपेक्षा करने का
- अपने प्रश्नों का उत्तर और फ़ोन कॉलों का जवाब तत्परता से पाने का
- किसी निर्णय या कार्य से संबंधित सभी विकल्पों और परिणामों को जानने का
- यदि आपकी स्थिति में लागू होता हो, तो कानूनी और अदालती प्रक्रिया को समझने का
- स्वतंत्र रूप से फ़ीडबैक (प्रतिक्रिया/राय) देने या चिंताएँ व्यक्त करने/शिकायत करने में सक्षम होने का
- आपकी जानकारी गोपनीय रखे जाने का
- आपके अनुरोध पर आपके रिकॉर्ड में आपकी जानकारी तक पहुँच प्रदान करने का

## आपकी ज़िम्मेदारियाँ

- कार्यकर्ताओं और स्टाफ़ के साथ सम्मान का व्यवहार करें
- कार्यकर्ताओं और स्टाफ़ के साथ तत्परता से बातचीत करें
- यदि आपके कोई प्रश्न हों या आपकी कोई शिकायत है, तो अपने कार्यकर्ता से बात करें
- कानूनी पहचान प्रदान करें (उदाहरण के लिए, ड्राइविंग लाइसेंस)

## शिकायत कैसे करें

हम आपकी चिंताओं को समझना चाहते हैं और किसी समाधान तक पहुँचने के लिए आपके साथ काम करना चाहते हैं। कृपया अपने कार्यकर्ता के साथ अपनी चिंताओं के बारे में यथाशीघ्र बात करें। Children's Aid Society की औपचारिक शिकायत कार्यविधि के बारे में जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट पर विज़िट करें: www.yorkcas.org/client.asp.

## हमसे संपर्क करें

**पालक देखभाल:**
fostering@yorkcas.org

**अंगीकरण:**
adoption@yorkcas.org

**स्वयंसेवक:**
volunteering@yorkcas.org

**प्रस्तुतियाँ:**
speakers.bureau@yorkcas.org

**दान दें:**
www.yorkregionchildrensfund.org

**रोज़गार:**
human.resources@yorkcas.org

## स्वदेशी पहचान और कुल परंपरा

यदि आपकी या आपके परिवार की पहचानफर्स्ट नेशन्स, इनुइट या मेटिस (Métis)के रूप में की गई है, या आप देशीय कुल परंपरा वाले हैं, तो हम आपका संपर्क **Dnaagdawenmag Binnoojiiyag Child and Family Services** से कराएँगे,जो देशी समुदायों के लिए उपयुक्त सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सेवा उपलब्ध कराने वाली एक देशी बाल एवं परिवार कल्याण एजेंसी है। **705-295-7135** या **www.binnoojiiyag.ca** पर उनसे संपर्क करें।

## महत्वपूर्ण फ़ोन नंबर्स

**ओन्टारियो वर्क्स (Ontario Works) के जरिए अस्थायी देखभाल सहायता:**

**York Region**
1-877-464-9675 • www.york.ca

**Toronto**
416-397-0330
www.toronto.ca/socialservices

**Peel**
905-793-9200
www.peelregion.ca/hsapply

**Durham**
905-428-8982 • www.durham.ca

**Simcoe**
705-722-3132 • www.simcoe.ca

**Canada Child Benefit**
1-800-387-1193

**Telehealth Ontario**
1-866-797-0000

**Legal Aid Ontario**
1-800-668-8258

**Twitter पर हमें फ़ॉलो करें:**
@YorkRegionCAS

AGENCY EN 2019 06